दिनांकः 15.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश का दौर बना हुआ हैं दक्षिण पूर्वी हिस्सों में कई जगह बीते 24 घंटों से हो रही तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हैं नदी नाले उफान पर हैं कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गो से टूट गया हैं पाली में मूसलाधार बारिश से सुकड़ी और लिलड़ी नदियों का जलस्तर बढने से शहर के कई हिस्सों में अतिवृष्टि जैसे हालात बन गए हैं उदयपुर के झाड़ोल में बदराणा और टीडी नदी में उफान आने से कई मार्ग बाधित हो गएं चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा क्षेत्र के धावतकला गांव में खेत में फंसे परिवार को एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकालां राजधानी जयपुर में कल शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला आज सुबह तक जारी रहां बारिश से शहर में जगह–जगह जल भराव हो गया हैं इस बीच राज्यभर में विभिन्न वर्षाजनित हादसों में 12 लोगों की मृत्यु के समाचार हैं इनमें जलभराव, बिजली गिरने, करंट लगने, भवन गिरने और डूबने की घटनाएं शामिल हैं उधर कल कोटा के निमोदा हरिजी गांव के नजदीक चंबल नदी में बहे सात लोगों में से छह अभी भी लापता हैं उनकी तलाश की जा रही हैं कोटा और पाली में स्कूलों में आज अवकाश घोषित कर दिया गया हैं मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 13 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की हैं इनमें अजमेर, नागौर और पाली के लिये रेड अलर्ट घोषित किया गया हैं

0000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी राजस्थान आज अपना स्थापना दिवस मना रहा हैं जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में समारोह आयोजित किया जा रहा हैं समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार से विकास की गति बाधित होती हैं किसी भी निर्णय को लंबित करना भ्रष्टाचार की जड हैं श्री शर्मा ने कहा कि मौजूदा सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति रखती है और हर स्तर पर फाइल डिस्पोजल में तेजी आई हैं समारोह में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा तथा ब्यूरो की कार्यवाहक महानिदेशक स्मिता प्रकाश सहित एसीबी के कई अन्य अधिकारी मौजूद हैं

0000

आज विश्व युवा कौशल दिवस हैं युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल हांसिल करने के महत्व पर जोर देने के लिए ये दिन हर साल 15 जुलाई को मनाया जाता हैं आज ही के दिन केन्द्र सरकार ने वर्ष 2015 में स्किल इंडिया मिशन की भी शुरुआत की थीं इसका उद्देश्य युवाओं को रोज़गार, उद्यमिता और स्थायी आजीविका के लिए उद्योग–संबंधित कौशल प्रदान करना हैं कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि स्किल इंडिया, खासकर महिलाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों के जीवन में बदलाव ला रहा हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को विश्व युवा कौशल दिवस की शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के कैशल विकास, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं

0000

राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार के पांचवें संस्करण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संवर्धन विभाग ने स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के तहत ये आवेदन मंगाये हैं ये पुरस्कार कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, फिन्टेक,

एयरोस्पेस, स्वास्थ्य, शिक्षा, साइबर सुरक्षा जैसे कई  क्षेत्रों में दिए जाते हैं गौरतलब है कि साल 2016 में स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम शुरू किया था जिसने देश के उद्यम क्षेत्र को अलग आयाम दिये हैं

0000

वन विभाग ने रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में सफारी की ऑनलाइन बुकिंग के लिए नई वेबसाइट शुरू की हैं मुख्य वन संरक्षक अनूप के आर ने बताया कि पुरानी वेबसाइट को आज से बंद कर दिया गया हैं उन्होने बताया कि नई वेबसाईट में एडवांस ऑनलाइन बुकिंग, भुगतान, कैंसिलेशन और रिफंड प्रक्रिया को सरल, सुविधाजनक और आसान बनाया गया हैं पर्यटक तथा वन्य जीव प्रेमी अब इस नई वेबसाईट पर बुकिंग करा सकेंगें

0000

जैसलमेर के देगराय ओरण क्षेत्र में पहली बार प्रवासी पक्षी नॉब बिल्ड डक नजर आये हैं इससे पक्षी प्रेमियों में खुशी ही लहर हैं गौरतलब है कि ये परिंदे भोजन और अनुकूल वातावरण की तलाश में हजारों किलोमीटर का सफर तय कर भारत आते हैं नॉब बिल्ड डक पक्षी अपना घोसला पानी के पास, जलीय वनस्पतियों के बीच या बडे पेड़ों की खोल में बनाते हैं

0000